# जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की चुनौतियों पर विशेष सत्र का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोलकाता** . कलकत्ता चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने कार्यालय में जीएसटी-रिटर्न फाइलिंग से जुड़ी मुख्य समस्याओं पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। हाल के बदलावों और रिटर्न फाइलिंग से जुड़ी परेशानियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित इस सत्र में सहायक आयुक्त, सीजीएसटी और सेंट्रल एक्साइज, प्रमुख सीसीओ, कोलकाता ज़ोन, भारत सरकार के अविजीत कुमार डे और चार्टर्ड




अकाउंटेंट, जीएसटी विशेषज्ञ व आइसीएआइ की राष्ट्रीय फैकल्टी सीए शिवानी अगरवाला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में कलकत्ता चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीशंकर हलवासिया ने कहा कि कलकत्ता चेम्बर व्यापारियों और अधिकारियों के बीच संवाद के लिए हमेशा एक मंच प्रदान करता रहा है। जीएसटी में लगातार बदलाव हो रहे हैं, इसलिए सभी व्यवसायों का अपडेट रहना जरूरी है।

अविजीत कुमार डे ने जीएसटी रिटर्न फाइलिंग में सही प्रक्रिया और समय पर अनुपालन की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि करदाता की ज़िम्मेदारी है कि वह समय से सही रिटर्न दाखिल करे, जबकि विभाग की ज़िम्मेदारी है कि वह नियमों के अनुसार जांच करे।

सीए शिवानी अगरवाला ने जीएसटी की प्रक्रिया को अभी भी जटिल बताया और इसके विभिन्न कानूनी मामलों, पुराने संशोधनों, कोर्ट के फैसलों, गलत वर्गीकरण और बिना नोटिस की वसूली जैसी समस्याओं पर चर्चा की। टैक्स कमेटी चेयरमैन और कलकत्ता चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष माधव प्रसाद सुरेका ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर अनंत साहारिया, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और चेम्बर की कार्यकारिणी समिति के सदस्य तथा विभिन्न उद्योगों के पेशेवर भी उपस्थित थे।